आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ.1(01)स्था/सिविल लिस्ट/आकाशि/2023/ 136 दिनॉकः 13 जून 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय :- राज्य सेवा के अधिकारियों की सिविल लिस्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करवाये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :- राज्य सरकार का अ.शा.पत्रांक प.1(6)शिक्षा/ग्रुप-3/2023 दिनांक 04.04.2023

महोदय

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि, राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2023 की स्थिति में राज्य सेवा के अधिकारियों की सिविल लिस्ट जारी करने के निर्देश प्रदान किये है। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही अपेक्षित है :-

1. सिविल लिस्ट के सम्बन्ध में आपके महाविद्यालय में **दिनांक 01.04.2023 को कार्यरत** आचार्य/सह आचार्य/सहायक आचार्य/व्याख्याता RVRES के विवरण की सूची स्प्रेडशीट "CIVIL LIST 2023" आपके महाविद्यालय की ई मेल पर भेज दी गई है।
2. उक्त सूची में जन्मतिथि/प्रथम नियुक्ति अथवा आदेश दिनांक/वर्तमान पदस्थापन स्थान की कार्यग्रहण दिनांक अथवा आदेश दिनांक में यदि कोई त्रुटि हो तो उसे संशोधित करें।
3. गृह जिले के रिक्त कॉलम में गृह जिला भरा जावें।
4. वेतनमान के कॉलम में वेतनमान (AL 10 से जो भी प्राप्त कर रहे है) भरा जावें।
5. सूची में नीचे पक्ति संख्या 4616 से प्राचार्य/उपाचार्य/पुस्तकालयाध्यक्ष शारीरिक शिक्षक/की समस्त सूचनाये स्प्रेडशीट के कॉलम अनुसार भरी जावें।
6. सूचना शैक्षणिक अधिकारियों के सम्बन्ध में ही भरी जानी है।
7. **अधिकारी के आपके महाविद्यालय में कार्यरत नहीं होने की स्थिति में विशेष विवरण कॉलम(14) में वर्तमान पदस्थापन स्थान भरा जाना सुनिश्चित करे**
8. **आपके महाविद्यालय में कार्यरत अन्य अधिकारी जोकि महाविद्यालय की सूची में अंकित नही है कि, स्प्रेडशीट सूची में नीचे पक्ति संख्या 4616 से प्राचार्य/उपाचार्य के पश्चात अंकित किया जाना सुनिश्चित करे।**
9. **दिनांक 01.04.2023 के पश्चात कार्यग्रहण करने वाले सहायक आचार्यो की प्रविष्टि नहीं की जानी है।**

स्प्रेडशीट दिनांक 17.06.2023 को सांय 3.00 बजे तक आवश्यक रूप से भरी जानी सुनिश्चित करे।

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें

(डॉ.टी.सी.बैरवा)
संयुक्त निदेशक (HRD)
कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर

प्रतिलिपि :- वेबसाइट प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि इसे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करावें

Signature valid
Digitally signed by Dr. Tara Chand Bairwa
Designation : Professor
Date: 2023.06.13 12:23:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4033277